आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 17.02.2019

जीएम कप–2019 का फाईनल मुकाबला भंडार विभाग को हरा कर बोगी शॉप ने जीता

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के आवासीय परिसर स्थित गोमती इंडोर स्टेडियम में मुख्य अतिथि महाप्रबंधक सुनीत शर्मा की उपस्थिीति में जीएम कप अंतर विभागीय 7ए साईड (रा़त्रि) क्रिकेट प्रतियोगिता–2019 का फाईनल मुकाबला दिनांक 16.12.2019 को खेला गया।

इस प्रतियोगिता के फाईनल मैच भंडार विभाग व बोगी शॉप के बीच खेला गया जिसमें भंडार विभाग कि टीम ने टॉस जिता एवं पहले फिल्डींग करने का फैसला किया। बोगी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अच्छेलाल कि शानदार बल्लेबाजी कि मदद से कुल आठ ओवर में चार वीकेट पर 91 रन बनाया और भंडार विभाग को जीत के लिए 92 रनो का लक्ष्य दिया। भंडार विभाग कि टीम बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट खोकर मात्र 58 रन ही बना पाई। बोगी शॉप ने 33 रनों के अंतर से भंडार विभाग को हरा कर जीएम कप जीता ।

इसके पश्चात महाप्रबंधक सुनीत शर्मा ने विजेता टीम को कप व नकद पुरस्कार 10,000 एवं उप विजेता टीम को रनआप का कप व नकद पुरस्कार 5,000 प्रदान किये। इस प्रतियोगिता में बेहत्तर प्रदर्शन के लिए के लिए मैन ऑफ द सीरीज दीपक कुमार, बोगी शॉप एवं फाईनल मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अच्छेलाल कुशवाहा को प्रदान किया गया।

यह प्रतियोगिता आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के खेल–कूद संघ द्वारा आयोजित किया गया था। इस प्रतियोगिता में आरेडिका, रायबरेली के विभिन्न विभागों के 18 टीम के लगभग 180 कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में कुल 39 मैंच खेला गया जिसे विभिन्न पूलों में विभाजित किया गया था।

महाप्रबंधक ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के प्रतियोगिता के आयोजन से कर्मचारियों के स्वास्थ्य, मनोरंजन व बच्चों के मन में खेल कि भावना को बढ़ावा देने के लिए अच्छा है। इस मैच में कर्मचारियों के जोश को देखते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के और भी आयोजन करवाने आश्वासन दिया एवं सभी कर्मचारी दर्शक को उनके उत्साह के लिए धन्यवाद दिया।

आरेडिका, रायबरेली कोचों के उत्पादन में लगातार बढ़ोतरी के साथ–साथ कर्मचारियों के मनोरंजन व स्वास्थ्य के लिए भी इस तरह के प्रतियोगिता का आयोजन करता रहता है। जिससे आरेडिका में रहने वाले कर्मचारियों एवं बच्चों के स्वास्थ्य व खेल–कूद में अभिरुचि को बढ़ावा मिले और इनका स्वास्थ्य बेहत्तर हो।

इस अवसर पर पीसीएमएम श्री ए.के. पाण्डे, सीएओ श्री आलोक कुमार, पीएफए व खेल–कूद संध के प्रेसिडेंट श्री दावा छेरिंग एवं सभी वरिष्ठ अधिकारी, पर्यवेक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

(आर.पी. शर्मा)
मुख्य जन–सम्पर्क अधिकारी